completion of these assessments The progress in this respect is being watched every month During the four months' period of April 1974 to July 1974, 7,12,510 assessments have been disposed of as compared to the disposal of 5,05,838 in 1973-74 and 3,46,067 in 1972-73 during the corresponding periods

चिदम्बरम के निकट एक मोटर नौका से निषिद्ध वस्तुओं को बरामद करना

4024. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या जून, 1974 के पूर्वार्द्ध में चिदम्बरम समुद्र-तट पर एक मोटर नौका में भारी मात्रा में तस्करी का सामान बरामद किया गया था; और

(ख) बरामद किए गये सामान का भारतीय मुद्रा में मूल्य क्या है और इस बारे में कितने व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख) 2 जून, 1974 को चिदम्बरम के समीप तलायर में एक अवर जलयान में विदेशी वस्त्र तथा टेप रिकार्डर पकड़े गये जिनका कुल मिला कर मूल्य लगभग 15 95 लाख रुपया था। यह जलयान भी, जिसका मूल्य लगभग 10 लाख रु० है, पकड़ लिया गया है। मामले में न्याय निर्णय हो गया है और माल तथा जलयान को पूर्णरूप से जब्त कर लिया गया है। सम्बन्धित व्यक्तियों पर 1,51,000 रु० के व्यक्तिगत दण्ड भी लगाए गये हैं। हिरासत में लिए गये 9 विदेशी राष्ट्रिकों तथा 2 भारतीयों पर मुकदमा चलाया गया है। 9 विदेशी राष्ट्रिक जेल में हैं किन्तु 2 भारतीयों को मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत पर छोड़ दिया गया था।

अरबी नाव से तस्करी के सामान का पकड़ा जाना

4025. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जून, 1974 के पूर्वार्द्ध में अहमदाबाद के उमरगाव पर एक अरबी नाव (नारू महबूब) तथा कुछ अन्य नावों से काफी मात्रा में विदेशी तस्करी का सामान बरामद किया गया था और

(ख) बरामद किये गये सामान का भारतीय मुद्रा में मूल्य क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) (क) और (ख) 3 जून, 1974 को अहमदाबाद समाहर्ता कार्यालय के समुद्री प्रभाग, बलसाड के सीमा शुल्क अधिकारियों ने उमरगाव पत्तन पर एम० एम० वी० नारिक महबूब जलयान (जो दुबई में पंजीकृत था) पकड़ा और उसमें से 86 पैकेज पकड़े जिनमें सश्लिष्ट वस्त्र, सिगरेट, लाइटर, मसाज मशीनें रिकार्ड चेंजर कैसेट टेप रिकार्डर, कार स्टीरियो, कार के पुर्जे तथा दुबई की मुद्रा थी जिन का कुल मूल्य लगभग 12 लाख रुपया था। जलयान भी पकड़ लिया गया जिसका मूल्य लगभग 2 लाख रुपये है।

1974-75 में आयात किया गया अखबारी कागज

4026. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1974-75 में कितना अखबारी कागज आयात किया गया है और भारतीय मुद्रा में यह कितने मूल्य का है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : अप्रैल से जुलाई, 1974 के दौरान राज्य व्यापार निगम द्वारा 14.57 करोड़ रुपये मूल्य का 51,216 मे० टन अखबारी कागज आयात किया गया है।